## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–12.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- झारखंड हाईकोर्ट ने निजी क्षेत्र में स्थानीय को 75 प्रतिशत आरक्षण देने के राज्य सरकार के फैसले पर लगायी रोक, आचार्य नियुक्ति मामले में फैसला रखा सुरक्षित।
- छठी विधानसभा के पहले सत्र का आज अंतिम दिन, धन्यवाद प्रस्ताव, वाद–विवाद, सरकार का उत्तर और मतदान की प्रक्रिया होगी पूरी।
- जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर सड़क से सदन तक विरोध प्रदर्शन, 15 दिसंबर को राजभवन का घेराव करेंगे अभ्यार्थी।
- रांची समेत राज्यभर में सर्द हवा ने बढ़ायी कनकनी, 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में तीन से सात डिग्री सेल्सियस तक की आयी गिरावट।
- बोकारो में 19वीं झारखंड राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता शुरु, एक सौ सैंतालीस प्रतिभागी ले रहे हैं भाग।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश बडे पैमाने पर डिजिटल रूप से जुड़ रहा है इसके साथ ही साइबर अपराध भी लगातार बढ़ रहे हैं। श्री मोदी ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के ग्रैंड फिनाले में वीडियो कांफ्रेंस के जरिए युवा नवोन्मेषकों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि भारत विश्व में अग्रणी डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

****************

झारखंड हाईकोर्ट ने निजी कंपनियों में स्थानीय लोगों को 75 प्रतिशत आरक्षण देने के सरकार के कानून पर रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचन्द्र राव और न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज एसोशिएशन की याचिका पर सुनवाई करते हुए इस मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 20 मार्च को होगी।

****************

झारखंड हाईकोर्ट ने सहायक आचार्य नियुक्ति मामले में सुनवाई पूरी कर ली है और फैसला सुरक्षित रख लिया है। सहायक आचार्य नियुक्ति मामले में पारा शिक्षकों के लिए नियमावली में बदलाव को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा का रिजल्ट जारी करने पर रोक लगा दी।

****************

छठी विधानसभा के पहले सत्र का आज अंतिम दिन है। आखिरी दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव, वाद–विवाद, सरकार का उत्तर और मतदान होगा। इस मतदान से ही सदन में सत्ता पक्ष को प्राप्त बहुमत का आकलन किया जायेगा। राज्यपाल की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बहुमत साबित करने के लिए नहीं कहा गया है। ऐसे में मुख्यमंत्री सदन में विश्वास मत का प्रस्ताव नहीं लायेंगे।

****************

जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग और हजारीबाग में आंदोलनरत छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में सड़क से सदन तक प्रदर्शन जारी है। छात्रों ने रांची स्थित जयपाल सिंह स्टेडियम से अलबर्ट एक्का चौक तक कैंडल मार्च निकाल कर अपना विरोध दर्ज किया। अभ्यर्थियों ने 15 दिसंबर को राजभवन के समक्ष प्रदर्शन करने का भी फैसला किया है। उधर, बुधवार को विधानसभा में भी इसकी गूंज सुनायी दी। आजसू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने सदन के बाहर धरना दिया। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री और विधायक चंपाई सोरेन ने इस मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को मिली प्रचंड जीत का श्रेय पार्टी के कार्यकर्ताओं को दिया है। श्री सोरेन ने मुख्यमंत्री आवास में आयोजित झामुमो केन्द्रीय समिति की विस्तारित बैठक सह आभार सभा को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे वंचितों–शोषितों समेत समाज से सभी वर्गों को हक दिलाने का काम करें। बैठक के बाद राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जनता के लिए और अधिक काम करने का आह्वान किया है।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****************

साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में जामताड़ा पुलिस को एक और सफलता मिली है। जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मृगा गांव से पुलिस ने चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक एहतेशाम बकारिब ने बताया कि इन साइबर अपराधियों के पास से विभिन्न कंपनियों के नौ सिम, आठ मोबाइल सेट और आठ दो पहिया वाहन बरामद किए गए हैं।

****************

सरायकेला में युवाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की पहल तेज कर दी गयी है। इसमें प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिस मेला महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

****************

रांची समेत राज्यभर में सर्द हवा चलने के कारण कनकनी बढ़ गयी है। पिछले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में तीन से सात डिग्री सेल्सयस तक की गिरावट आयी है। रांची का न्यूनतम तापमान दो दिन में चार डिग्री कम हो गयी है जबकि पश्चिमी सिंहभूम में तापमान में सात डिग्री की गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि अगले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान दो से चार डिग्री और गिरने के आसार हैं।

****************

19वीं झारखंड राज्य स्तरीय पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता बोकारो में शुरु हो गयी है। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का उद्‌घाटन उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के जोनल आईजी डा. माइकल राज एस ने किया। मौके पर डीआईजी सुरेन्द्र कुमार झा और बोकारो एसपी मनोज स्वर्गियारी समेत पुलिस और सीआरपीएफ के कई अधिकारी मौजूद थे। प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों के 147 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

****************

संक्षिप्त खबरें

- हजारीबाग जिले के मटवारी गांधी मैदान में लगाए गए डिज्नीलैंड मेले में बुधवार की शाम आग लग गई। मेला आयोजकों ने आगलगी की इस घटना में 10 से 12 लाख रुपए के नुकसान का दावा किया है।
- सरायकेला–खरसांवा जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र की मुस्लिम बस्ती में पैदल मार्च कर लोगों से ब्राउन शुगर जैसे मादक पदार्थों से दूर रहने की अपील की।
- रामगढ़ जिले में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। इस सिलसिले में उपायुक्त चंदन कुमार ने जागरुकता वाहन रवाना कियझं

- कोडरमा थर्मल पावर प्लांट के 1600 मेगावाट एक्सटेंशन को लेकर आज भूमि पूजन किया गया। अगले 4 साल में 800–800 मेगावाट की दो यूनिट लगाई जाएगी।

****************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड हाईकोर्ट द्वारा निजी कंपनियों में स्थानीय को 75 प्रतिशत नौकरी देने के कानून पर रोक लगाये जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– निजी कंपनियों में 75 प्रतिशत स्थानीय को आरक्षण पर हाईकोर्ट की रोक।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– झारखंड में निजी कंपनियों में स्थानीय को 75 प्रतिशत नौकरी देने के कानून पर रोक।

हिन्दुस्तान लिखता है– निजी क्षेत्र में स्थानीय को 75 फीसदी आरक्षण पर रोक।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– महिलाओं को नौकरियों में 33 प्रतिशत आरक्षण।

रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है– विधानसभा सत्र में 11 हजार 697 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

***************